अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न - समुदाय के लिए

संपर्क (कॉनटैक्ट) कार्ड क्या है?

संपर्क कार्ड एक नया संसाधन है कि पुलिस और सुरक्षा सेवा अधिकारी समुदाय के सदस्यों को समर्थन सेवाओं हेतु अपना विवरण और जानकारी प्रदान करने के लिए उपयोग कर सकते हैं।

कार्ड पर कौन सी जानकारी शामिल है?

- पुलिस या सुरक्षा सेवा अधिकारियों का नाम, कार्य क्षेत्र, तिथि और समय
- अपराध के पीड़ितों की हेल्पलाइन, अनुवाद और दुभाषिया सेवाओं तक कैसे पहुंचे
- आपको प्राप्त सेवा के बारे में तारीफ या शिकायत कैसे कर सकते हैं।

मुझे किन परिस्थितियों में संपर्क कार्ड मिल सकता है?

पुलिस और सुरक्षा सेवा अधिकारी संपर्क कार्ड के उपयोग द्वारा आपको बता सकें कि आपने किससे बात की, यह घटना कब हुई और यह किससे संबंधित थी। इसमें वे जानकारी भी शामिल कर सकते हैं जिससे आपको आगे की पूछताछ या समर्थन में सहायता मिले। उदाहरण के लिए: आप किसी अपराध के साक्षी या पीड़ित हो सकते हैं और बाद में इस घटना के बारे में पुलिस या सुरक्षा सेवा अधिकारी को अन्य जानकारी प्रदान करने की आवश्यकता हो।

मैं पुलिस या सुरक्षा सेवा अधिकारियों से किन परिस्थितियों में उनके संपर्क विवरण के लिए पूछ सकता हूं?

अगर कोई पुलिस या सुरक्षा सेवा अधिकारी आपसे आपका नाम और पता पूछता है, तो आप भी उन्हें उनके विवरण के लिए पूछने के हकदार हैं। आप उनका नाम, उनका ओहदा और वह किस पुलिस स्टेशन में कार्यरत हैं पूछ सकते हैं। आप इन विवरणों को लिखित रूप में अनुरोध कर सकते हैं। स्थिति के अनुसार, पुलिस अपना विवरण लिखने के लिए एक संपर्क कार्ड का उपयोग कर सकती है। पुलिस से बात करने के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया यहां जाएं:
https://www.legalaid.vic.gov.au/sites/www.legalaid.vic.gov.au/files/vla-resource-police-powers-your-rights-in-victoria.pdf

यदि मुझे संपर्क कार्ड प्राप्त होता है तो मुझे क्या करना चाहिए?

संपर्क कार्ड विक्टोरिया पुलिस के साथ आपकी मुलाकात का एक रिकॉर्ड है। यह एक कानूनी दस्तावेज नहीं है और आपको इसे रखने की आवश्यकता नहीं है।

विक्टोरिया पुलिस संपर्क कार्ड क्यों पेश कर रही है?

विक्टोरिया पुलिस अपने आप को पारदर्शी और जवाबदेही बनाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में संपर्क कार्ड पेश कर रही है। यह कार्ड पुलिस और सुरक्षा सेवा अधिकारियों को समुदाय के सदस्यों को पुलिस के साथ बातचीत के रिकॉर्ड के साथ एक पेशेवर संसाधन प्रदान करता है, जिससे उन्हें सेवाओं तक पहुंचने, आगे की पूछताछ करने या पुलिस को जानकारी प्रदान करने में सहायता मिलती है।

संपर्क कार्ड विकसित करने के लिए क्या परामर्श हुआ है?

विक्टोरिया पुलिस ने सामुदायिक हितधारकों, पुलिस अधिकारियों और सुरक्षा सेवा अधिकारियों से यह बातचीत द्वारा यह समझा कि पुलिस और जनता के बीच पारस्परिक संबंध कैसे सुधारा जा सकता है। इन हितधारकों ने कार्ड पर कौन सी जानकारी शामिल करने, डिजाइन विचारों और समुदाय के बीच जागरूकता बढ़ाने के बारे में विचार सांझे किए।